प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–समय पर होंगे पंचायत चुनाव– फिलहाल आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– पंचायत चुनावों को लेकर सरकार भ्रम में– जनता को कर रही है गुमराह।
- प्रदेश सरकार सोलन ज़िला के वाकनाघाट में स्थापित करेगी साईबर सिटी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– पर्यावरण संरक्षण की एवज में हिमाचल ग्रीन बोनस का हकदार।
- प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है करवा चौथ का त्यौहार।

सुखविंद्र

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव टाले नहीं गए हैं और ये चुनाव समय पर होंगे। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि कुछ उपायुक्तों ने सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि प्राकृतिक आपदा से बंद सड़कें पूरी तरह नहीं खुली हैं। इसलिए सरकार ने चुनाव को सिर्फ स्थगित किया है न कि रद्द। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने की हैं और सड़कें खुलने पर चुनाव घोषित कर दिए जाएंगे।

दूसरी ओर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पंचायत चुनाव स्थगित करने के विपक्ष के आरोप सरासर गलत हैं। उन्होंने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि पंचायत चुनाव प्रशासनिक कारणों से स्थगित किए गए हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव करवाने को लेकर भ्रम में है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि यदि सरकार को समय पर ही चुनाव करवाने है तो फिर चुनावों का स्थगित क्यों किया गया। उन्होंने सलाह दी कि मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और उपायुक्त सभी मिलकर पहले ये तय कर लें कि चुनाव कब करवाने हैं, इसके बाद ही बयानबाजी करें। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि प्रदेश सरकार की पंचायत चुनावों को लेकर मंशा ठीक नहीं है और सरकार प्रदेशवासियों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सोलन ज़िला के वाकनाघाट में साईबर सिटी स्थापित की जाएगी। ये साईबर सिटी 650 बीघा भूमि पर बनेगी जिसमें डाटा स्टोरेज और आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस सहित अन्य सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योग शामिल होंगे। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना से जुड़े विस्तृत ब्लू प्रिंट शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज शिमला में डिजिटल प्रौद्योगिकी व गर्वनेंस विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने और सूचना प्रौद्योगिकी अधोसंरचना क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कांगड़ा के चैतडू और शिमला के मैहली में स्थापित किए जा रहे आई.टी. पार्क का निर्माण इसी साल दिसम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

डाक विभाग

डाक विभाग ने 6 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल संजय सिंह ने आज शिमला में कहा कि डाक सप्ताह के अंतिम दिन आज ग्राहक दिवस मनाया गया। इस मौके पर लोगों को डाक विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी गई। संजय सिंह ने कहा कि डाक विभाग लोगों को अब डिजिटल सेवाएं भी दे रहा है। इसके तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से घर–घर तक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने सभी डाक घरों को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण की एवज में हिमाचल ग्रीन बोनस का हकदार है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि हिमाचल मिट्टी, पानी, स्वच्छ हवा और अनुकूल जलवायु के रूप में देश को अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों के कटान से प्रदेश के लिए आर्थिक संसाधन जुटाए जा सकते हैं लेकिन पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के दृष्टिगत हम वनों के संरक्षण को महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र और 16वें वित्तायोग के समक्ष हिमाचल का पक्ष मजबूती से रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पारिस्थितिक तंत्र में संरक्षण के प्रति योगदान का तकनीकी और वैज्ञानिक मूल्यांकन करेगी। इससे हिमाचल को प्रतिवर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रूपये प्राप्त हो सकते हैं।

सेना भर्ती

सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल मनीष सिंह ने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर ज़िलों के ऑनलाईन परीक्षा पास उम्मीदवारों को फिजिकल टैस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन परीक्षा पास करने वाले युवा ज्वाईन इंडियन आर्मी की वैबसाईट पर जाकर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती रैली का आयोजन प्रिथी मिलटरी स्टेशन अवेरी पट्टी रामपुर बुशहर में 17 नवम्बर से 24 नवम्बर के बीच किया जाएगा।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनाव स्थगित कर चुनावों से भागने का प्रयास कर रही है। रणधीर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में सरकार पर पंचायत चुनावों को सुनियोजित षडयंत्र के तहत स्थगित करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार की अधिसूचना और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान में विरोधाभास है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को पता है कि वह पंचायत चुनावों में जीत नहीं पाएगी, इसलिए चुनावों को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार ने ये फैसला लेकर लोकतंत्र को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना के तहत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिलासपुर ज़िले का चयन हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है। अनुराग ठाकुर ने आज एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। इस योजना के तहत देश के एक सौ ज़िलों का चयन किया गया है।

करवा चौथ

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार आज प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवाचौथ के मौके पर आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हजारों सुहागिने एक साथ करवा चौथ के चांद का दीदार कर रही हैं। शिमला ज़िला पुलिस ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवान रिज व मालरोड तथा आसपास के इलाकों में तैनात किए हैं। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने परिवार सहित प्रदेश के सभी विवाहित जोड़ों को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## भाजपा

भाजपा के प्रदेश मामलों के प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि राहुल गांधी के वोट चोरी के अभियान को बिहार में आर.जे.डी. और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह नकार दिया है। श्रीकांत शर्मा ने आज शिमला ग्रामीण के जधैणी गांव में मंडल की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बिहार में फाईनल वोटर लिस्ट जारी करने के बाद एक भी आपत्ती दर्ज नहीं की गई है। इससे स्पष्ट है कि पूरी एस.आई.आर. प्रक्रिया सही है। इसी के साथ राहुल गांधी द्वारा बिहार में वोट चोरी को मुद्दा बनाने का प्रयास भी विफल हो गया है।

## रैली

तीन दिवसीय रैली ऑफ़ हिमालय आज मनाली से शुरू हुई। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली के 15 मील में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे देश भर के करीब एक सौ 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें एक सौ 37 पुरूष और 3 महिलाएं शामिल हैं। गौड़ ने इस मौके पर कहा कि इस तरह के आयोजनों से मनाली में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रैली ऑफ हिमालय के आयोजक सुरेश राणा ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने मनाली में पर्यटन को प्रोत्साहित करने और मोटर स्पोर्टस को बढ़ावा देने का संदेश देना है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–समय पर होंगे पंचायत चुनाव– फिलहाल आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– पंचायत चुनावों को लेकर सरकार भ्रम में– जनता को कर रही है गुमराह।
- प्रदेश सरकार सोलन ज़िला के वाकनाघाट में स्थापित करेगी साईबर सिटी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– पर्यावरण संरक्षण की एवज में हिमाचल ग्रीन बोनस का हकदार।
- प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है करवा चौथ का त्यौहार।